खाद और ई-टोकन की समस्या पर विफरे चंदेरी विधायक

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग, खाद के लिए परेशान किसान

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के किसानों को खाद और ई-टोकन बुकिंग में आ रही समस्याओं को लेकर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर को एक लिखित आवेदन सौंपकर त्वरित निराकरण की मांग की है। विधायक ने ज्ञापन के जरिए अवगत कराया कि वर्तमान ई-टोकन व्यवस्था की खामियों के कारण किसान बेहद परेशान हो रहे हैं। विधायक रघुवंशी द्वारा दिये गए आवेदन में प्रमुख मांगों व समस्याओं को रेखांकित



किया गया है, जिनमें मुख्यत: टोकन का समय निर्धारित न होने के कारण स्लॉट खुलने का कोई निश्चित समय न होने से किसान भटक रहे हैं। मोबाइल ऐप की तकनीकी खामियों को तुरंत दूर किया जाए। साथ ही सहायता काउंटर स्थापित हों, जो कलेक्ट्रेट, तहसील, मंडी, कृषि विभाग और मार्कफेड कार्यालयों में किसानों की मदद के लिए हेल्प डेस्क बनाई जाएं। वहीं उन्होंने बताया कि निजी कंप्यूटर संचालक किसानों से प्रति बोरी 100 तक अतिरिक्त वसूल कर गुना, एग्रो और की आईडी से टोकन निकाल रहे हैं। इसकी जांच हो। वहीं पिपरई क्षेत्र में पकड़ी गई नकली खाद की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही विधायक ने मांग की है कि जिले की सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए और पंजीकृत किसानों का ई-टोकन समिति स्तर पर ही बुक करने की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए। जिससे की आगामी दिनों में किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

भटक रहे किसान:

कुछ समय बाद जिले में बोवनी शुरू होने वाली है, जिसके चलते किसान चिंतित है और इसी बजह से वह अपने अपने लिए खाद की तलाश में जुट रहे है, लेकिन जानकारी के अभाव में वह खाद के लिए भटकते हुए नजर आते है। जिसके चलते कभी वह खाद-बीज की दुकान पर,तो कभी समिति के चक्कर काटते हुए नजर आते है। वहीं टोकन न होन की बजह से कम्प्यूटर ऑनलाइन सेंटर संचालकों के भी हाथ जोड़ते नजर आते है।

अवैध लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्राली जब्त, एक गिरफ्तार

ट्राली में भरी थी चिरोल व सिरस की लकड़ी

वन विभाग की लगातार कार्रवाई जारी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। अवैध वनोपज परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने मोहरी-अशोकनगर मार्ग पर अरोरा पेट्रोल पंप के सामने दबिश देकर अवैध लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है और मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान टीम ने संदिग्ध नीले रंग के फार्मट्रैक ट्रैक्टर को रोककर तलाशी ली। ट्रॉली में लगभग 2.5 घनमीटर अवैध चिरोल एवं सिरस की गोल लकड़ी (कुल 19-20 लट्ठे) भरी पाई गई। चालक से परिवहन संबंधी टीपी (अभिवहन पास) मांगने पर वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस एवं वन विभाग ने मौके से आरोपी जितेंद्र धाकड़ पुत्र टेल सिंह धाकड़, निवासी शंकरपुर मगरदा अशोकनगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 और मध्य प्रदेश अभिवहन नियम 2022 के तहत वन अपराध दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई वन मंडलाधिकारी प्रतिभा अहिरवार के मार्गदर्शन एवं उपवनमंडल अधिकारी नरेंद्र कुमार चौहान के नेतृत्व में की गई। इस सफल कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी मनोज कुमार सरबैया, उड़नदस्ता प्रभारी अंशुल पटेल, वनरक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी और प्रदीप शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

शनिश्चरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शनिवार को पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में सर्वपित्री अमावस्या महापर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। स्कंद पुराण का उल्लेख करते हुए पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि इस बार शनिवार को अमावस्या पड़ने से शनिश्चरी अमावस्या का अत्यंत शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही, धार्मिक कार्यों में सिद्धि देने वाला गजछाया योग और अक्षय पुण्य प्रदान करने वाला इंद्र योग भी इस दिन निर्मित हो रहा है।

एक नजर में

अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने किया शा. माधव महाविद्यालय का निरीक्षण

चंदेरी। उच्च शिक्षा के विकास और विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने शुक्रवार को को शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्वालियर-चंबल संभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. कुमार रत्नम एवं ओएसडी डॉ. अनिल मिश्रा भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी एवं स्टाफ ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

दौरे की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण से हुई। इसके पश्चात अपर मुख्य सचिव ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम, छात्रवृत्ति, कंप्यूटर व व्यावसायिक प्रशिक्षण, नि:शुल्क पुस्तकों और इंटर्नशिप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। श्री राजन ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया और छात्रों को कौशल विकास व नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अधिकारियों ने महाविद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक की। प्राध्यापकों ने 1600 से अधिक विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में नए पदों की आवश्यकता और शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में चर्चा की। निरीक्षण के अंतिम चरण में अतिथियों ने कंप्यूटर लैब, प्रयोगशाला, कक्षाओं और पुस्तकालय का जायजा लिया।

सरस्वती स्कूल में मास्टर शेफ प्रतियोगिता में यूकेजी की अर्निका अनुप्रिया दुबे रहीं प्रथम

चंदेरी। बच्चों में रचनात्मकता और व्यावहारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। इसी श्रृंखला में विद्यालय में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक मास्टर शेफ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका मुख्य आकर्षण सलाद सजाओ स्पर्धा रही। इस प्रतियोगिता में यूकेजी कक्षा की छात्रा अर्निका अनुप्रिया दुबे ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी कक्षा के 40 बच्चों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्निका द्वारा बेहद आकर्षक ढंग से तैयार किए गए सलाद को निर्णायकों द्वारा खूब सराहा गया। प्रतियोगिता में विजयी रहने पर नन्ही अर्निका को पुरस्कार स्वरूप मास्टर शेफ की केप पहनाकर सम्मानित किया गया। स्कूल के अनुसार इस तरह के आयोजनों से बच्चों का मानसिक विकास होता है और उनमें छिपी प्रतिभा को एक नया मंच मिलता है।

सिंधिया पर टिप्पणी से भड़का युवा मोर्चा

डीईओ कार्यालय में डीपीसी से बहस के दौरान युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ने की टिप्पणी

एसपी को ज्ञापन सौंपकर की एफआईआर की मांग

सोशल मीडिया यूथ विग्रेड आमने-सामने

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। विगत दिवस युवक कांग्रेस द्वारा स्कूलों में व्याप्त समास्याओं को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार की डीपीसी राहुल शर्मा के दौरान हुई बहसबाजी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, जिसके चलते शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपते हुए परमार पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। तो वहीं सोशल मीडिया पर सत्ताधारी भाजपा और विपक्षीय कांग्रेस पार्टी की यूथ विग्रेड

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो

शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाए कि युवा कांग्रेस द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का बिना अनुमति प्रदर्शन किया गया, साथ ही क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर टिप्पणी की गई। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सरकारी विभाग में अधिकारियों के साथ तीखी बहस और विवाद करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ बार-बार आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। आमने-सामने आ गई। जो अपने-अपने हिसाब से इस बहसबाजी को गलत और सहीं बता रहे है।

निष्पक्ष जांच की मांग:

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभय ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने इस व्यवहार को दादागिरी और कानून का उल्लंघन बताते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने और व्यक्तिगत छींटाकशी के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का आग्रह किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी, धर्मेंद्र रघुवंशी, मोर्चा महामंत्री मनन छाबड़ा, उपाध्यक्ष प्रदीप पाल, वरुण यादव, तुषार खेर, महेश रघुवंशी, प्रवेंद्र शिवहरे और कृष्णा यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीजे संचालक और गरबा आयोजक ध्वनि नियमो व समय-सीमा का करे पालन : पुलिस

शांति समिति की बैठक में दिये निर्देश

जिले के प्रत्येक थाने में आयोजित हुई बैठक

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आगामी नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए अशोकनगर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गईं।

इन बैठकों में संबंधित थाना प्रभारियों ने स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्ध जनों, डीजे संचालकों और गरबा आयोजकों के साथ विस्तृत चर्चा की। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि धार्मिक कार्यक्रमों और गरबा पंडालों में शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों और समय-सीमा का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। डीजे का उपयोग इस प्रकार हो, जिससे आम नागरिकों और मरीजों को कोई असुविधा न हो।

आपसी सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील:

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी आयोजकों और नागरिकों से आपसी समरसता व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। साथ ही निर्देश दिए है कि किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक और असामाजिक पोस्ट फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

नप की मनमानी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

पानी, गंदगी और योजनाओ में धांधली का आरोप

शहर में निकाली रैली, पात्र को मिले लाभ

नवभारत न्यूज

शाढ़ौरा। नगर परिषद शाढ़ौरा की कथित मनमानी और नगर में व्याप्त म विभिन्न समस्याओं के विरोध में हे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नगर में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद कार्यालय का घेराव करते हुए धरना देते हुए नगर परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नगर की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग उठाई।

दरअसल शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू रघुवंशी कुन्दौरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इसके बाद नगर में रैली निकालकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली के खिलाफ विरोध जताया गया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी

समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप के लगाया कि नगर में बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गंदगी की समस्या बनी हुई है, लेकिन नगर परिषद द्वारा व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को भी अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने के आरोप लगाए गए। ब्लॉक अध्यक्ष ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि नगर में बिजली, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारी जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को बिना किसी परेशानी के योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। रैली के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नगर परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने धरना देकर परिषद का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ईसागढ़ में तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार, दो दिनों में पुलिस को मिली दूसरी बड़ी सफलता

अशोकनगर। न्यायालयीन प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना ईसागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि ईसागढ़ थाना पुलिस को दो दिनों के भीतर स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के मामले में यह दूसरी सफलता प्राप्त हुई है। 9 अक्टूबर को मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संजय वाल्मीकि उम्र 32 वर्ष व राकेश वाल्मीकि उम्र 34 वर्ष निवासी विवेक कॉलोनी ईसागढ़ तथा फूल सिंह लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम डेलकवर को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर, उप निरीक्षक नरेश कोरकू, प्रधान आरक्षक जगदीश यादव, मनोज कुमार एवं हेमराज शर्मा की मुख्य भूमिका रही। अशोकनगर पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों और वारंटियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

गुरुद्वारा की दान पेटी से चोरी

अशोकनगर। देहात थाना अंतर्गत ग्राम राजतला के गुरूद्वारा की दानपेटी से पैसे चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसके चलते पुलिस ने प्रबंधन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करते अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

दिव्यांगजनों के सम्मान, अधिकार और स्वावलंबन के लिए भाजपा प्रतिबद्ध : शर्मा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ द्वारा जिला अशोकनगर के दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में एक भव्य दिव्यांगजन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, उनकी समस्याओं का समाधान करना और उन्हें उनके अधिकारों व सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों से सीधा संवाद कर उनकी आवश्यकताएं जानी गईं और अधिकारियों के माध्यम से उनके समाधान की पहल की गई। शिविर में दिव्यांग प्रमाण-पत्र, पेंशन, रोजगार, शिक्षा, और

शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण भी अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार दिव्यांगजनों के सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि दिव्यांगजन समाज पर बोझ नहीं, बल्कि समाज की शक्ति और महत्वपूर्ण भागीदार हैं। भाजपा का सेवा संकल्प है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। कार्यक्रम में जिला मंत्री धर्मेन्द्र रघुवंशी, देवेन्द्र तिवारी, अभय कलावत सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान

पौधारोपण के बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया देखभाल का संकल्प

नगरपालिका ने शिव टोरियां पर रौपे पांच सैंकड़ा से अधिक पौधे

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोशाला स्थित शिव टोरिया पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 500 फलदार और छायादार

पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मलकीत सिंह संधू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभय ठाकुर और भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं पौधरोपण कर शहरवासियों को पर्यावरण संतुलन और स्वच्छता का संदेश दिया।

पौधों की देखभाल और हरित क्षेत्र बढ़ाने का लिया संकल्प:

कार्यक्रम में नगर पालिका के पार्षदों, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों ने केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण मिल सके।